वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 4 नवंबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

दैनिक जागरण

वेलनेसकान-2026 में पूविवि की दो छात्राओं ने जीते पुरस्कार

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर अपनी शोध प्रतिभा का परिचय देते हुए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'वेलनेसकान-2026' की मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मंजूसा सिंह ने द्वितीय और आतिफा हफीज ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं सहित कुल 1,158 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। जैव प्रौद्योगिकी श्रेणी में मंजूसा सिंह ने 'मंकी पाक्स के विरुद्ध एंटीवायरल



मंजूसा सिंह।



आतिफा हाफिज।

पेप्टाइड्स की प्रतिरक्षा सूचना विज्ञान आधारित स्क्रीनिंग' विषय पर शोध प्रस्तुत किया। वहीं, आतिफा हफीज ने 'ऑटोफैजी से संबंधित फेफड़े के कैंसर में बीसीएल-2 और टीपी-53 की संभावित चिकित्सीय लक्ष्यों के रूप में पहचान' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।दोनों छात्राओं ने विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में शोध कार्य किया। उनकी इस सफलता पर कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने बधाई दी।

पूविवि की हैंडबाल टीम पूर्वी क्षेत्र स्पर्धा में दमखम दिखाने रवाना

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष टीम मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुई।

विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कुलपति ने कहा कि खेल केवल शारीरिक सुदृढ़ता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनसे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास होता है। टीम का नेतृत्व कप्तान कार्तिक यादव कर रहे हैं।

उनके साथ प्रशिक्षक रंजन श्रीवास्तव और टीम प्रबंधक डा. अखिलेश गौतम भी रवाना हुए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डा. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक रहे।

अमर उजाला

वेलनेसकॉन 2026 में पूविवि की छात्राओं को शोध पत्र में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

जौनपुर। पूविवि की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर अपनी शोध प्रतिभा का परचम लहराया है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वेलनेसकॉन-2026 में विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की दो छात्राओं ने मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल किया।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मंजूसा सिंह ने द्वितीय तथा आतिफा हफीज ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। 30 अक्तूबर से 1 नवंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 1,158 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया।

इसमें देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों एवं शोधकर्ताओं ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन शोध एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर विचार साझा किए।

सम्मेलन में आयोजित मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में कुल 98 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। जैव प्रौद्योगिकी श्रेणी में मंजूसा सिंह ने मंकी पॉक्स के विरुद्ध एंटीवायरल पेप्टाइड्स की इम्यूनोइन्फॉर्मेटिक्स आधारित स्क्रीनिंग विषय पर शोध प्रस्तुत कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। संवाद

पूविवि : सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि कल तक के बढ़ी

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए 5 नवंबर तक की तिथि बढ़ा दी है। छात्र पांच नवंबर तक विषय चयन, सत्यापन और छह तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे।

विद्यार्थी पांच नवंबर तक ऑनलाइन विषयों का चयन और सत्यापन करने के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। वहीं, परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह नवंबर निर्धारित की गई है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर जारी निर्देश के अनुसार, स्नातक स्तर के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के सप्तम और नवम सेमेस्टर के संस्थागत एवं कैरी फॉरवर्ड परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे।

05 नवंबर तक विषय चयन, सत्यापन, छह तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे विद्यार्थी

विद्यार्थियों को विषयों और प्रश्नपत्रों का चयन सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए गए हैं। फॉर्म भरने में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क करना होगा।

वहीं स्नातक पंचम सेमेस्टर के संस्थागत एवं कैरी फॉरवर्ड, प्रथम सेमेस्टर के छूटे हुए संस्थागत और तृतीय सेमेस्टर के छूटे हुए कैरी फॉरवर्ड परीक्षा फॉर्म पहले की तरह विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाएंगे। इसी तरह परास्नातक सप्तम सेमेस्टर के छूटे हुए संस्थागत और नवम सेमेस्टर के छूटे हुए कैरी फॉरवर्ड परीक्षा फॉर्म भी विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे।

परीक्षा फॉर्म से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

इसके अलावा विद्यार्थी अपनी समस्या ई-मेल के माध्यम से भी भेज सकते हैं। विश्वविद्यालय ने सभी महाविद्यालयों और विभागाध्यक्षों को विद्यार्थियों को समय से सूचना देने तथा निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म भरवाने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर संबंधित महाविद्यालय जिम्मेदार होंगे। संवाद

अमर उजाला

अमर उजाला जौनपुर

पूविवि : उत्तर पुस्तिका भरने में सावधानी बरतें विद्यार्थी की गलत प्रविष्टि से रुक सकता है परिणाम

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षाओं को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिका भरने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में मांगी गई सभी प्रविष्टियां सावधानीपूर्वक और सही तरीके से भरने की हिदायत दी है। कक्ष निरीक्षकों को भी उत्तर पुस्तिकाओं का सत्यापन करने के बाद ही हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए हैं।

जारी हुई गाइडलाइन, कक्ष निरीक्षक भी उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद करेंगे हस्ताक्षर

विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में प्रश्नपत्र कोड, परीक्षा की तिथि, विषय सहित अन्य निर्धारित जानकारियां सही-सही दर्ज करनी होंगी।

प्रश्नपत्र पर दिए गए कोड को देखकर ही उत्तर पुस्तिका में भरना होगा। इसके अलावा पिता और माता का नाम समेत अन्य विवरण भी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ के पीछे दिए गए निर्देशों के अनुसार भरने होंगे। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि उत्तर पुस्तिका की सभी प्रविष्टियां भरने के लिए केवल नीले या काले बॉल पेन का ही प्रयोग किया जाए।

कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने से पहले सभी प्रविष्टियों का मिलान कर लें। यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी ने निर्धारित स्थानों पर सही जानकारी भरी है। संवाद

अमर उजाला

jala.com

ार, 4 नवंबर 2026

4

पूविवि की हैंडबॉल टीम प्रतियोगिता के लिए हुई रवाना

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मंगलवार को रवाना हुई।

विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं।

काशी हिंदू विवि में होगी प्रतियोगिता

टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। संवाद

आज

हैंडबाल टीम बीएचयू में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

वाइसचांसलर प्रो. राकेश कुमार सिंह ने दिखायी हरी झंडी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम



अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

आज का परिणाम

आज का परिणाम
04 नवम्बर, 2026

जौनपुर

वेलनेसकान-2026 में पीयू की छात्राओं का जलवा, दो ने जीते पुरस्कार

मंजूसा सिंह को द्वितीय और आतिफा हफीज को मिला तृतीय पुरस्कार

अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध प्रतिभा का मनवाया लोहा



ब्यूरो आज का परिणाम/जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की छात्राओं ने अपनी शोध प्रतिभा का परचम लहराया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), कानपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'वेलनेसकॉन–2026' में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की दो छात्राओं ने मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए। मंजूसा सिंह ने द्वितीय तथा आतिफा हफीज ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 1158 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। इसमें देश–विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों एवं शोधकर्ताओं ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन शोध एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर विचार साझा किए।सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित मौखिक शोध प्रस्तुति (ओरल प्रेजेंटेशन) प्रतियोगिता में कुल 98 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। जैव प्रौद्योगिकी श्रेणी में मंजूसा सिंह ने 'मंकी पॉक्स के विरुद्ध एंटीवायरल पेप्टाइड्स की इम्यूनोइन्फॉर्मेटिक्स आधारित स्क्रीनिंग' विषय पर शोध प्रस्तुत कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, आतिफा हफीज ने 'ऑटोमैजी–संबंधित लंग कैंसर में बीसीएल–2 और टीपी–53 की संभावित चिकित्सीय लक्ष्यों के रूप में पहचान' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत कर तृतीय पुरस्कार हासिल किया।दोनों छात्राओं का यह शोध कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनकी इस उपलब्धि को विभाग में संचालित गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि का परिणाम माना जा रहा है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने दोनों छात्राओं को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता को नई पहचान देती है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय की हैंडबाल टीम बीएचयू रवाना

ब्यूरो आज का परिणाम/ जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते है,बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे है। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौड़ गए है। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो अविनाश पाण्डेकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बकरी चोरी कर भाग रहे थे पकड़े गये

ब्यूरो आज का परिणाम/जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र में बकरी

पायनियर

Follow us on:
www.thehindipioneer.com
@thehindipioneer
thehindipioneer
thehindipioneer

पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

RNI N0. UPHIN/2010/36547 वर्ष-17 अंक-18 लखनऊ, बुधवार, 4 नवंबर, 2026 पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये डाक, नगर संस्करण

● भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का दो दिवसीय गोरखपुर दौरा आज से पेज-02
● जीएम उत्पादों के आयात पर भारत की रोक बरकरार रहेगी: गोयल पेज-14
● पहला वनडे आज, न्यूजीलैंड में उतरेंगे रोहित व विराट पेज-15

किताबें पढ़ने से व्यापक होता है ज्ञान, आत्मचिंतन भी जरूरी: कुलपति

❖ छात्राओं ने जाना विज्ञान एवं अनुसंधान का महत्व

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



भारत सरकार के विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, मड़ियाहूँ, जौनपुर की छात्राओं ने मंगलवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, वैज्ञानिक उपकरणों तथा विभिन्न विभागों में संचालित शोध कार्यों की जानकारी प्रदान की गई।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि अध्ययन के दौरान पुस्तकों को पढ़ना बेहद जरूरी है। पुस्तकें ज्ञान का आधार हैं और इनके नियमित अध्ययन से विद्यार्थियों की समझ एवं दृष्टिकोण व्यापक होता है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी किताबें नहीं पढ़ते, उनका ज्ञान संकुचित रह जाता है। अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन मीडिया और डिजिटल संसाधनों का सहारा लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जो कुछ भी पढ़ें, उस पर आत्मचिंतन और मनन अवश्य करें। कुलपति ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पुस्तकों का गहन अध्ययन करना चाहिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव एवं प्रो. मिथिलेश सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार ने आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों से परिचित कराया। छात्राओं को डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की उपयोगिता को भी जाना। प्रयोगशाला में छात्राओं ने माइक्रोस्कोप, पीसीआर मशीन, थर्मल साइकलर तथा अन्य आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों को देखा। उन्हें पीसीआर तकनीक के माध्यम से डीएनए की विशिष्ट श्रृंखलाओं की अनेक प्रतियां तैयार करने की प्रक्रिया और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में इसके महत्व को सरल भाषा में समझाया गया।

8:02 AM

जनसंदेश टाइम्स

हैंडबॉल टीम बीएचयू में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति प्रो. राकेश कुमार।

जनसंदेश टाइम्स

वेलनेसकॉन-2026 में पीयू की छात्राओं का जलवा, दो ने जीते पुरस्कार

जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की छात्राओं ने अपनी शोध प्रतिभा का परचम लहराया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), कानपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वेलनेसकॉन-2026 में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की दो छात्राओं ने मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए। मंजूसा सिंह ने द्वितीय तथा आतिफा हफीज ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 1,158 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। इसमें देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों एवं शोधकताओं ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन शोध एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर विचार साझा किए। सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित मौखिक शोध प्रस्तुति (ओरल प्रेजेंटेशन) प्रतियोगिता में कुल 98 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। जैव प्रौद्योगिकी श्रेणी में मंजूसा सिंह ने मंकी पॉक्स के विरुद्ध एंटीवायरल पेप्टाइड्स की इम्यूनोइन्फॉर्मेटिक्स आधारित स्क्रीनिंग विषय पर शोध प्रस्तुत कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, आतिफा हफीज ने ऑटोफैजी-संबंधित लंग कैंसर में बीसीएल-2 और टीपी-53 की संभावित चिकित्सीय लक्ष्यों के रूप में पहचान विषय पर अपना शोध प्रस्तुत कर तृतीय पुरस्कार हासिल किया। दोनों छात्राओं का यह शोध कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनकी इस उपलब्धि को विभाग में संचालित गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि का परिणाम माना जा रहा है।

अमृत प्रभात

अमृत प्रभात



वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र प्रतियोगिता के लिए रवाना

अमृत प्रभात, जौनपुर (नि.सं.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गई। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया और खिलाड़ियों को अनुशासन, टीम भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। कार्तिक यादव के नेतृत्व में जाने वाली इस टीम के कोच रंजन श्रीवास्तव और टीम मैनेजर डॉ. अखिलेश गौतम हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

वेलनेसकॉन-2026 में पीयू की छात्राओं का जलवा, दो ने जीते पुरस्कार

मंजूसा सिंह को द्वितीय और आतिफा हफीज को मिला तृतीय पुरस्कार

◆ अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध प्रतिभा का मनवाया लोहा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की छात्राओं ने अपनी शोध प्रतिभा का परचम लहराया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), कानपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'वेलनेसकॉन-2026' में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की दो छात्राओं ने मौखिक शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए। मंजूसा सिंह ने द्वितीय तथा आतिफा हफीज ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 1,158 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। इसमें देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों एवं शोधकर्ताओं ने



प्रतिभाग कर स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन शोध एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर विचार साझा किए।

सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित मौखिक शोध प्रस्तुति (ओरल प्रेजेंटेशन) प्रतियोगिता में कुल 98 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। जैव प्रौद्योगिकी श्रेणी में मंजूसा सिंह ने 'मंकी पॉक्स के विरुद्ध एंटीवायरल पेप्टाइड्स की इम्यूनोइन्फॉर्मेटिक्स आधारित



स्क्रीनिंग' विषय पर शोध प्रस्तुत कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, आतिफा हफीज ने 'ऑटोफैजी-संबंधित लंग कैंसर में बीसीएल-2 और टीपी-53 की संभावित चिकित्सीय लक्ष्यों के रूप में पहचान' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत कर तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

दोनों छात्राओं का यह शोध कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनकी इस उपलब्धि को विभाग में संचालित गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि का परिणाम माना जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने दोनों छात्राओं को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता को नई पहचान देती हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हल्की बारिश में सड़क बन ज
हफ्तों तक भरा रहता है कीचड़

उत्तर शक्ति

विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम बीएचयू में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली

◆ कुलपति प्रो.राकेश कुमार सिंह ने दिखाई हरी झंडी



पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई।

विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

पूर्वांचल लाइफ

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र प्रतियोगिता के लिए रवाना

पूर्वांचल लाइफ

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुई। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक सुदृढ़ता के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। टीम का नेतृत्व कप्तान कार्तिक यादव कर रहे हैं। टीम के साथ कोच रंजन श्रीवास्तव और मैनेजर डॉ. अखिलेश गौतम भी रवाना हुए। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



- कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को किया रवाना, जीत का दिया मंत्र

लोक भारती

विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम बीएचयू रवाना

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।